दिनांक-11.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध निर्माण/अप्राधिकृत भूमि विकास/ अप्राधिकृत संनिर्माण आदि पर शिकंजा कसने गठित हुई टीम भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई अब अवैध निर्माण से संबंधित कार्य करने वालों पर सख्त कार्यवाही करेगी। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन के लिए दल का गठन कर दिया है। जिलाधीश के आदेश का पालन करते हुए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सभी जोन में अवैध निर्माण/अप्राधिकृत भूमि विकास/अप्राधिकृत संनिर्माण को हटाए जाने हेतु संयुक्त टीम का गठन जोन 01,02,03,04 एवं 06 हेतु किया गया है।

टीम में यह होंगे शामिल।

1. जोन आयुक्त , संबंधित जोन कार्यालय , न.पा.नि. भिलाई
2. कार्यपालन अभियंता , संबंधित जोन कार्यालय , न.पा.नि. भिलाई
3. सहायक अभियंता , संबंधित जोन कार्यालय , न.पा.नि. भिलाई
4. उप अभियंता , संबंधित जोन कार्यालय , न.पा.नि. भिलाई
5. सहायक राजस्व अधिकारी , संबंधित जोन कार्यालय न.पा.नि. भिलाई
6. जोन स्वास्थ्य अधिकारी , संबंधित जोन कार्यालय न.पा.नि. भिलाई

गठित टीम का दायित्व-

प्रत्येक जोन के लिए गठित टीम अवैध निर्माण/अप्राधिकृत भूमि विकास/अप्राधिकृत संनिर्माण को रोके जाने नियमित रूप से स्थल निरीक्षण के दौरान स्थल चिन्हित करने का कार्य करेंगे। चिन्हित स्थल पर जोन के आयुक्त/निगम भिलाई के उपायुक्त /भवन निर्माण अधिकारी के निर्देश पर नियमित रूप से ऐसे अवैध निर्माण पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे , जिससे भिलाई निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण/ अप्राधिकृत भूमि विकास/अप्राधिकृत संनिर्माण पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

जनसंपर्क अधिकारी